तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 15 सितंबर 2024




13 रेवे में सीसी रोड निर्माण के लिए जपं अध्यक्ष चंदेल ने किया भूमिपूजन



14 भाजपा सदस्य अभियान में कार्यकर्ता पहुंच रहे घर-घर



## खबर संक्षेप

### गाय से टकराई तेजरफ्तार बाइक, चालक की मौत

**बालोद**। तेज रफ्तार बाइक सड़क पर बैठे गाय से टकरा गई। इस हादसे में बाइक चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इकलौता बेटा था टिकेश्वर, पत्नी है गर्भवती है, उसका एक छोटा बच्चा भी है।

मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना सड़क पर बैठे मवेशियों की वजह से हुई। घटना शनिवार की देर शाम करीब 7 बजे बालोद–दल्लीराजहरा मुख्य मार्ग में ग्राम दैहान के पास की है। मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से लगे ग्राम हीरापुर निवासी टिकेश्वर साहू उर्फ बंटी दल्लीराजहरा की ओर से वापस अपने गांव जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सड़क पर बैठी गाय से टकरा गई। इस हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम हीरापुर निवासी टिकेश्वर साहू अपने माता पिता का इकलौता बेटा था। टिकेश्वर साहू च्वॉइस सेंटर का संचालक था और उसकी शादी हो चुकी थी, एक बच्चा भी हैं, वहीं, उनकी पत्नी वर्तमान में गर्भवती है। मृत टिकेश्वर के पिता खेती किसानी का कार्य करते हैं। घटना के बाद से गांव में मातम छा गया है तो वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। बालोद पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

### इलाज के नाम ठगी, गिरफ्तार

**भिलाई**। इलाज के नाम पर ठगी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 420,34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि वर्ष 2023 में दो युवकों द्वारा उपचार करने के नाम पर पीड़ित से 70 हजार रूपये का ठगी कर लिया था. जिसकी शिकायत छावनी पुलिस थाने में किया गया। थाना प्रभारी छावनी चेतन सिंह चन्द्राकर के नेतृत्व में आरोपी को पकड़ने पतासाजी की गई। मुखबिर की सूचना पर रेल्वे स्टेशन पर ठगी करने युवक घूम रहा था। जिसे पकड़कर पूछथाछ करने पर युवक ने अपना नाम छाबड़ा वार्ड 19 जोशी कालोनी जिला राजस्थान निवासी शाकिर मोहम्मद ,शाहिद मोहम्मद बताया है। युवकों के पास से पुलिस ने 30 हजार रुपए बरामद किया।

### तहसील साहू संघ गुरूर की बैठक आज

**गुरूर**। तहसील साहू संघ गुरूर कार्यकारिणी एवं न्याय प्रकोष्ठ की बैठक 15 सितम्बर रविवार को 11 बजे तहसील साहू सदन कोलिहामार (गुरूर) में रखी गई है। बैठक में समस्त तहसील पदाधिकारी गण, समस्त प्रकोष्ठ के संयोजक एवं सह–संयोजक, कार्यकारिणी सदस्य एवं समस्त परिक्षेत्र अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

### मंदिर ट्रस्ट चौरेल की बैठक आज

**लाटाबोड़**। 15 सितम्बर को दोपहर 2 बजे मंदिर ट्रस्ट चौरेल की आवश्यक बैठक रखी गई है। समिति के अध्यक्ष नीतीश मोंटी यादव ने बताया कि उक्त बैठक में शारदीय नवरात्रि की तैयारी के साथ अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### अनाचार के प्रकरण को समाप्त करने हाईकोर्ट ने जारी किया आदेश

**भिलाई**। अनाचार के एक मामले में उच्च न्यायालय बिलासपुर ने प्रकरण को समाप्त करने का आदेश दिया है। न्यायालय के समक्ष धारा 376 (2) (एन), 417, 450 के मामले में आरोपी अरविंद कानतोड़े ने हाईकोर्ट में अपने अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश दांडेकर के माध्यम से आवेदन पेश किया। जिसमें उच्च न्यायालय ने आदेश पारित करते हुए प्रकरण को समाप्त करने का आदेश दिया है। घटना भिलाई भट्टी का है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया था। जिसे लेकर अरविंद कानतोड़े ने अपने अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश दांडेकर के द्वारा 28 अगस्त 2024 को उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के परिपेक्ष में प्रकरण को समाप्त किए जाने का आवेदन अपर सत्र न्यायाधीश गणेशराम पटेल की न्यायालय में पेश किया था।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरहा को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरहा को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र मिला है।

- राष्ट्रीय मूल्यांकन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरहा को मिले 88 .81 प्रतिशत स्कोर

यह उपलब्धि स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के फल स्वरुप भारत सरकार द्वारा प्रदान किया गया है। कलेक्टर रणवीर शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर के उपलब्धि प्राप्त होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को बधाई दी। उन्होंने लगातार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। भारत सरकार द्वारा नियुक्त राष्ट्रीय मूल्यांकनकर्ता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरहा को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र मिला है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के फल स्वरुप भारत सरकार द्वारा प्रदान किया गया है। भारत सरकार द्वारा नियुक्त राष्ट्रीय मूल्यांकनकर्ता डॉ शकीला सैप्रू व डॉ शिशिर कुमार नासकर द्वारा स्वास्थ्य केंद्र ने बीते दिवस मूल्यांकन किया था। मूल्यांकन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरहा को 88.81 प्रतिशत स्कोर के ▸▸| शेष पेज 12 पर

## डॉ शकीला सैप्रू व डॉ शिशिर कुमार नासकर ने किया था मूल्यांकन



### 6 अलग-अलग मानकों के आधार पर किया गया मूल्यांकन

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यशवंत कुमार ध्रुव ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा निर्धारित किए गए स्वास्थ्य सेवाओं के 6 अलग-अलग मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन में सभी स्वास्थ्य सेवाएं उपयुक्त पाए जाने पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाण पत्र मिलने से स्वास्थ्य विभाग की टीम में उत्साह का संचार हुआ है और क्षेत्र की जनता को इसी प्रकार निरंतर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित हुए।

## परीक्षा : भर्ती परीक्षा आज, जिले में बनाए गए 64 परीक्षा केंद्र, प्रशासन ने की तैयारी पूरी

# छात्रावास अधीक्षक बनने जिले के 16500 से ज्यादा युवा देंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 15 सितंबर को दोपहर 12 बजे से 2:15 बजे तक छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा में बेमेतरा जिले में 64 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 16514 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा को लेकर ज़िला प्रशासन ने सभी केंद्रों पर तैयारी पूरी कर ली है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सभी केंद्रों पर अधिकारियों की नामज़द ड्यूटी लगायी है। परीक्षा के दौरान असामाजिक तत्वों एवं नकल आदि को रोकने हेतु सक्षम अधिकारियों के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल गठित किया गया है। साथ ही प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों में गोपनीय सामग्री पहुंचाने व परीक्षा पश्चात पुनः सुरक्षित जमा करने हेतु पर्यवेक्षक की नियुक्ति करते हुए पर्याप्त मात्रा में परीक्षा केन्द्रवार पुलिस बल की व्यवस्था भी की गई है।

- परीक्षा के दौरान असामाजिक तत्वों एवं नकल रोकने तैनात रहेगा उड़नदस्ता




### प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र की मूल प्रति अनिवार्य

परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र की मूल प्रति अपने साथ अनिवार्य रूप से रखें तथा व्यापम से प्राप्त निर्देशानुसार परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष में मोबाईल, कैल्कुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि पर पूर्ण प्रतिबंध होगा।

**इन स्थानों पर बनाए गए परीक्षा केंद्र-** मिली जानकारी के अनुसार जिले में 64 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। शासकीय पंडित जवाहर लाल नेहरू विज्ञान एवं कला स्नातकोत्तर महा. बेमेतरा, शासकीय लक्ष्मण प्रसाद वैओद्य कन्या महाविद्यालय, बेमेतरा, शासकीय बालक उच्च माध्य. विद्यालय, बेमेतरा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, बेमेतरा, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, बेमेतरा, एलॉन्स पब्लिक स्कूल, बेमेतरा, स्वामी आत्मानंद शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम स्कूल, बेमेतरा, एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल, बेमेतराको परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसी तरह शासकीय उच्च माध्य विद्यालय, बावामोहतरा, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, ग्राम बहेरा (कुसमी), पोस्ट बावामोहतरा (बेमेतरा), शासकीय उच्च माध्य. विद्यालय, जेवरी (बेमेतरा), जिला परियोजना आजिविका महाविद्यालय, चोरमट्टी (बेमेतरा), शासकीय उच्च माध्य. विद्यालय, जेवरा, शासकीय उच्च माध्य. विद्यालय, कठियां रांका बेमेतरा, प्रेरणा विद्यालय, कठियां, बेमेतरा, शासकीय हाई स्कूल, लोलेसरा, शासकीय माध्यमिक स्कूल, पिकरी (बेमेतरा), सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. माध्य. विद्यालय, बेमेतरा, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, बेरला, शासकीय नवीन कॉलेज, बेरला, शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय, बेरला, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अं. माध्यम स्कूल, बेरला, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल, कुसमी, बेरला, शास. उच्च. माध्य. विद्यालय, लेंजवारा (बेरला), शासकीय उ.मा. विद्यालय, ▸▸| शेष पेज 12 पर

# गैर शिक्षकीय कार्यों पर ड्यूटी का शिक्षकों ने किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▸▸| साजा

शिक्षक मोर्चा साजा ने गैर शिक्षिकीय कार्यों का विरोध करते हुए एसडीएम साजा द्वारा ओबीसी सर्वे कार्य में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाने को अव्यावहारिक एवं राज्य शासन से प्राप्त निर्देश के विरुद्ध बताया है। उन्होंने बताया कि राज्य शासन से 16 अगस्त 2024 को ओबीसी सर्वे से संबंधित निर्देश जारी किया गया है, जिसमें ओबीसी सर्वे का कार्य बूथ लेवल अधिकारी(बीएलओ) डोर टू डोर मतदाता परीक्षण के साथ अन्य पिछड़ा वर्ग की संख्या के आकलन के लिए प्रपत्र उपलब्ध कराया जाए। राज्य शासन द्वारा आदेश स्पष्ट है कि ओबीसी सर्वे का कार्य बीएलओ द्वारा किया जाना है। किंतु त्रैमासिक परीक्षा की तैयारी में जुटे शिक्षकों को इस कार्य के लिए राज्य शासन के निर्देश की विपरीत सर्वे कार्य करने हेतु आदेश जारी किया गया है।

- अनुविभागीय दंडाधिकारी साजा को सौंपा ज्ञापन

विदित हो कि इस वर्ष को कलेक्टर बेमेतरा द्वारा समस्त शालाओं में सर्वांगीण शिक्षा गुणवत्ता वर्ष 2024-25 मनाया जाने का निर्देश व योजना है। शालाओं में शिक्षकों की कमी पहले बनी हुई है और स्वच्छता पखवाड़ा, उल्लास साक्षरता योजना, एफ एल एन, यू डाइस ऑनलाइन प्रपत्र भरने का कार्य, जाति-निवासी प्रमाण पत्र प्रत्येक विद्यार्थी का, आयुष्मान कार्ड सहित प्रतिदिन शाला में गतिविधि के लिए आदेश निर्देश व्हाट्सएप पर जारी किए जाते हैं। उन सबको पूरी करने की जिम्मेदारी शिक्षकों की होती है। लेकिन, ▸▸| शेष पेज 12 पर

# राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सेजेस देवकर के श्रेकुशल ने जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| देवकर

नगर में संचालित पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता अंतर्गत कराते खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीन पदक जीत कर विद्यालय एवं पूरे क्षेत्र को गौरांवित किया है। यह प्रतियोगिता 8 से 13 सितंबर तक जगदलपुर (बस्तर) में आयोजित हुआ। कक्षा 12 वीं के छात्र श्रेकुशल शर्मा ने स्वर्ण पदक हासिल कर राष्ट्रीय स्तरीय शालेय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। कक्षा 11 वीं के छात्र आदित्य साहू ने रजत पदक एवं कक्षा 10 वीं की छात्रा समृद्धि राजपूत ने कांस्य पदक अपने नाम किया। विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार डहाले, व्यायाम शिक्षक योगेश साहू, व्याख्याता ईश्वर साहू, योगेश प्रजापति, अंकिता देशमुख, ज्योत्सना लाकरा, केबी पटेल, गुलाब साहू, जे शालिनी, दात्री साहू, रमाशंकर राजपूत , नीरज मरकाम सहित सभी शिक्षकों ने इन बच्चों को बधाई दी।



# शासकीय विद्यालय परसबोड़ में चला जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

पूरे जिले में बाल सुरक्षा पर आधारित अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा ऐप, चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर सहित विभिन्न अपराधों को लेकर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन में पुलिस टीम गांव एवं स्कूल, कालेजों में छात्र-छात्राओं व आमजनों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत थाना प्रभारी साजा निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा एवं अन्य स्टाफ ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसबोड़ साजा के बालक-बालिकाओं को शिक्षक-शिक्षिकाओं की मौजूदगी में अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा ऐप की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही बालिकाओं को गुडटच व बेडटच, सेल्फ डिफेंस के बारे में बताया। इस दौरान बताया गया कि बच्चों के साथ होने वाले अपराधों और अत्याचार, शोषण, बाल श्रम, भिक्षावृत्ति की सूचना किसी भी नागरिक द्वारा चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर 1800-123-6010 पर दे सकते हैं। इसके अलावा मोबाइल से सम्बन्धित होने वाले अपराध एवं उनके रोकथाम तथा महिलाओं एवं बालिकाओं पर हो रहे लैंगिक शोषण के बचाव पर पुलिस टीम ने महत्तपूर्ण जानकारी साझा की गई। टीम ने इस दौरान कहा कि हमें सदैव जागरूक रहने और घटना घटित होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की अपील करते हुए यातायात नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने की आवश्यकता पर जोर दिए। पुलिस टीम ने नशा मुक्ति पर चर्चा करते हुए बताया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। बच्चो को नशा नहीं करने का संकल्प व इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया ।इस अवसर पर थाना प्रभारी साजा निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा व अन्य स्टाफ एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं व बडी संख्या में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसबोड साजा के बालक-बालिकाएं उपस्थित रहे।



पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को अपराध के प्रति सजग रहने का दिया संदेश

## विधायक दीपेश ने कहा- बालिकाओं में शिक्षा के साथ बढ़ रहा आत्मविश्वास

# शासकीय स्वामी आत्मनन्द स्कूल बेरला की छात्राओं को मिली सायकिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

शनिवार बेरला ब्लॉक मुख्यालय के शासकीय स्वामी आत्मनन्द उत्कृष्ट इंग्लिश माध्यम स्कूल बेरला में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल ने की। माँ स्वरस्वती और श्री गणेश भगवान जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। उसके बाद विधायक साहू स्कूल की 24 छात्राओं को स्वरस्वती योजना के तहत निःशुल्क साइकिल वितरण किए। साहू ने सभी बच्चों को साईकिल वितरण होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। वहीं साइकिल मिलने पर छात्राओं ने घंटी बजाकर ख़ुशी जाहिर की। विधायक दीपेश साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विष्णुदेव साय की सरकार में बालिकाओं को और उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। शिक्षा की क्षेत्र मे किये जा रहे प्रयास का सीधा फायदा बालिकाओं को मिल रहा है और इससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि कक्षा नवमी में अध्यनरत छात्राओं को पैदल आने-जाने की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण करने का निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता का परिमाण है कि आज ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं साइकिल से स्कूल आना जाना करते हुए नियमित अध्ययन कर आगे बढ़ रही हैं। विधायक साहू ने कहा कि हमारी सरकार बेटियों को निःशुल्क पाठयपुस्तक एवं गणवेश प्रदान कर रही है, जिससे बेटियां पढ़ लिखकर अपने परिवार के साथ क्षेत्र का नाम रोशन करने में आगे हैं। इस दौरान प्रीतम चंदेल जनपद अध्यक्ष, होरीलाल सिन्हा,अमृतलाल माहेश्वरी अध्यक्ष,अर्चना साव प्राचार्य,बलराम पटेल मंडल अध्यक्ष,बी ई ओ खेमलाल साहू, पूर्णिमा दास प्राचार्य, शिवझड़ी सिन्हा, योगेश चौहान,जीतू जैन, चित्रेन पटेल,संतोष साहू पार्षद, कन्हैया सेन,अशोक जायसवाल, नितेश सोनी, राजू साहू,तेजराम भोई,राधे बघेल, यशवंत साहू, मुकेश साहू,थानेश्वर साहू,डामन सिंह, लीलाराम साहू सहित स्कुल की छात्र - छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### डॉक्टर रमन के कार्यकाल में हुई थी योजना की शुरुआत



विधायक दीपेश साहू ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना की शुरुआत वर्ष 2004-2005 में डॉक्टर रमन सिंह के कार्यकाल में की गई थी। बालिकाओं को इस योजना की तरह साइकिल वितरण की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज की विकास की नींव होती है और इस योजना के माध्यम से बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं की स्कूल छोड़ने की दर में भी कमी आई है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए यह पहल की है, ताकि वे आसानी से स्कूल पहुंच सकें और उनकी शिक्षा में कोई बाधा ना आये। यह योजना केवल उनकी शिक्षा को आगे बढ़ाने में मदद नहीं करती है, बल्कि उन्हे स्वावलंबी बनाने का एक प्रयास भी है।

### गुम मां-बेटे को पुलिस ने परिजनों से मिलाया



**गुरूर**। पुलिस चौकी कंवर में आपरेशन मुस्कान के तहत गुम मां बेटे को खोजने में पलिस को सफलता मिली है। लंबे समय से गुमशुदा लक्ष्मी सोनवानी तथा उनके पुत्र प्रवीण कुमार उर्फ प्रिंस को 14 सितंबर को पुलिस ने खोज निकाला। उन्हें उनके परिजनों को सौंप दिया गया।


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# यातना झेल रहे गजराज की मुक्ति के लिए मुख्यमंत्री सहित अफसरों को सैकड़ों की संख्या में मेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

अचानकमार टाइगर रिजर्व में बंधक के रूप रह रहे लाली, सोनू तथा उनके दो शावकों का एक वर्ष पुराना वीडियो वायरल होने के बाद वन्यजीव प्रेमियों ने हाथियों को उनके पुनर्वास केंद्र में भेजने मांग की है। इसके लिए वन्यजीव प्रेमी अभियान चला रहे हैं। इसके कारण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मुख्य सचिव, पीसीसीएफ सहित अन्य तमाम अफसरों के पास वन्यजीव प्रेमियों ने एक ही दिन में डेढ़ सौ से ज्यादा मेल भेज हाथियों के साथ न्याय करने की मांग की है।

एटीआर में रहने वाले लाली, राजू तथा उनके दो शावक सावन तथा फागुन के साथ वन्यजीव प्रेमियों ने अमानवीय व्यवहार करने का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि लाली को वन अफसरों ने 25 साल पहले रेस्क्यू किया था। लाली को किस जंगल से रेस्क्यू किया गया है, वन विभाग के पास इसका रिकार्ड तक नहीं है। इसी तरह से एक दशक पूर्व वर्ष 2013 में वन अफसरों ने राजू नामक नर हाथी को राजनांदगांव से रेस्क्यू किया है, तब से दोनों हाथी एटीआर में रह रहे हैं। दोनों हाथियों को पूरे दिन जंजीरों से जकड़कर रखे जाने का आरोप है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए वन्यजीव प्रेमियों ने दोनों हाथी तथा उनके शावकों को हाथी पुनर्वास केंद्र रामकोला में भेजने की मांग की है।

## एटीआर में लाली, राजू तथा दो शावकों को जंजीरों में बांधकर प्रताड़ना का आरोप

### एक्सपर्ट के सुझाव की अनदेखी

एटीआर में बंधक बनकर रह रहे सोनू हाथी को लेकर हाईकोर्ट ने वर्ष 2016 में केरल के एलिफेंट एक्सपर्ट डॉ. राजू टीएस से सुझाव मांगा था, तब एलिफेंट एक्सपर्ट ने लाली, राजू और सोनू को ऐसे जंगल के फॉरेस्ट कैंप में रखने का सुझाव दिया, जहां पर काफी संख्या में जंगली हाथी हों, जिससे लाली और राजू भी जंगली हाथियों से मिल सकें, जिससे उनका सोशल इंटरेक्शन हो। एक्सपर्ट ने हाथियों को जंजीर से बांधने और इन पर अंकुश का उपयोग बंद करने का सुझाव दिया था। वन्यजीव प्रेमियों ने वन अफसरों पर एक्सपर्ट के सुझाव की अनदेखी करने का आरोप लगाया है।



### मद में आए राजू को रोकने इस तरह उपाय

वन्यजीव प्रेमियों ने आरोप लगाया है कि राजू के मदकाल में आने के बाद वन अफसरों के निर्देश पर राजू के चारों पांव को जंजीर से बांधकर कंक्रीट के फ्लोर पर कई महीनों तक रखा जाता था, जिसकी वजह से राजू अपने पैर को आगे पीछे नहीं कर पाता था। आपत्ति के बाद कंक्रीट फ्लोर हटा दिया गया है। इसके बाद भी मदकाल में आने पर राजू को खड़ा रखने का वन्यजीव प्रेमियों ने आरोप लगाया है।

*अफसर का यह कहना है : राजू, लाली तथा उनके शावकों को जंजीर से बांधकर रखे जाने के सवाल पर एटीआर के डिप्टी डायरेक्टर यूआर गणेश का कहना है कि राजू तथा लाली को प्रोटोकॉल के तहत रखा जाता है। अफसर के अनुसार हाथियों के साथ किसी भी तरह के अमानवीय व्यवहार नहीं किया जा रहा है।*

### कुनबा नहीं मिलने से अवसाद में

वन्यजीव के जानकारों के मुताबिक हाथी सामाजिक प्राणी है, ज्यादातर हाथी अपने झुंड में रहना पसंद करते हैं। एटीआर में लाली, राजू तथा उसके दो शावकों के अलावा कोई हाथी नहीं है और पूरे दिन जंजीरों में बंधे होने की वजह से दोनों वयस्क हाथी तथा शावकों के वन्यजीव के जानकार अवसाद में आने का दावा कर रहे हैं। पैर में जंजीर बंधी होने की वजह से शावक खेलने कूदने तथा अपनी मां के पास जाने से वंचित हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### आयुष्मान की दर पुनर्निर्धारित करने की मांग

**रायपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायपुर के प्रतिनिधि मंडल ने आज स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से आयुष्मान के पैकेज दरों को कई वर्षों बाद फिर से पुनर्निर्धारित करने की मांग की है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने विशेषज्ञों की एक संयुक्त कमेटी बनाने का आश्वासन दिया है। आईएमए रायपुर ने पूरी आयुष्मान योजना का उड़ीसा की बीजू योजना से तुलनात्मक अध्ययन कर अवलोकन कर पैकेज सहित समयबद्ध पारदर्शी भुगतान प्रणाली को अपनाने पर जोर दिया है। मुलाकात के दौरान आयुष्मान योजना को इंश्योरेंस मोड में दिए जाने का तथ्यात्मक विरोध जताया है और संभावित फैसले पर पुनर्विचार की मांग की है। इस दौरान बायोमेडिकल वेस्ट की दरों और उनके निष्पादन में आ रही दिक्कतों की तरफ भी स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान दिलाया गया।

### 55 तहसीलदार, 51 नायब तहसीलदारों का तबादला

**रायपुर।** प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों एवं पुलिस अधीक्षकों की कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लंबित राजस्व प्रकरणों पर गहरी नाराजगी जताई थी। इस नाराजगी के दूसरे दिन ही थोक में राजस्व अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के तहत 55 तहसीलदार, 51 नायब तहसीलदारों एवं 28 राजस्व निरीक्षकों का तबादला किया गया है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अवर सचिव केके भूआर्य ने इस संबंध में शुक्रवार को आदेश जारी किया। इस आदेश के तहत नायाब तहसीलदारों को 7 दिवस और राजस्व निरीक्षकों को 15 दिवस के भीतर कार्य संभालने का निर्देश दिया गया है। इस आदेश का पालन नहीं करने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### 'ईद-ए-मिलाद' पर 16 को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी करते हुए 16 सितंबर (सोमवार) को 'ईद-ए-मिलाद' (मिलाद-उन-नबी) के अवसर पर राज्य में सार्वजनिक और सामान्य अवकाश घोषित किया है। 17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी और विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पहले से निर्धारित ऐच्छिक अवकाश को यथावत रखा गया है।

### गोदड़ीवाला धाम में वर्सी महोत्सव 6 अक्टूबर से

**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में तीन दिवसीय 6 से 8 अक्टूबर तक गोदड़ीवाले संत बाबा हरदासराम साहेब का 33 वर्सी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां समाजजनों द्वारा जोरों से की जा रही है। इस वर्सी महोत्सव में छत्तीसगढ़ के 11 धामों के अलावा देशभर के 65 गोदड़ीवाला धामों से अनेक श्रद्धालु व बाबाजी के भक्त शामिल होने पहुंचेंगे। यह कार्यक्रम संत बाबा गेलाराम साहेब जलगांव साहेब के महंत साईं देवीदास और देवपुरी दरबार की महंत अम्मा मीरादेवी के आशीर्वाद से होगा। तीन दिनों तक अनेक कार्यक्रम होंगे, भजन-कीर्तन सेवा सत्संग, सिमरन, बाबा की मदाह साहब का पठन के अलावा तीनों दिन अखंड भडारा भी चलता रहेगा।

### कई खेल संघों में होगा बदलाव

प्रदेश में ओर कई खेल संघों में भी बदलाव की तैयारी है। कई खेल संघों के पदाधिकारियों का कार्यकाल पूरा हो गया है। अब उनके स्थान पर नए पदाधिकारी बनेंगे। इसको लेकर भी तैयारी चल रही है।

## राजधानी रायपुर में विशेष एजीएम में लाया जाएगा प्रस्ताव

# मुख्यमंत्री साय बनाए जाएंगे 29 को छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ में एक बार फिर से प्रदेश में सरकार के बदलाव के साथ ही बड़ा बदलाव होने वाला है। प्रदेश के सभी खेल संघों ने एक मत से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ का अध्यक्ष बनाने का मन बना लिया है।

मुख्यमंत्री की इसके लिए मौखिक सहमति भी ले ली गई है। अब 29 सितंबर को राजधानी रायपुर में विशेष एजीएम करके मुख्यमंत्री साय को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव पारित करके उनको अध्यक्ष बना दिया जाएगा। इसके बाद उनको ही कार्यकारिणी घोषित करने का भी अधिकार दिया जाएगा। उनकी सहमति से ही कार्यकारिणी का गठन होगा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस समय ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष हैं, लेकिन उनका कार्यकाल 7 अगस्त को समाप्त हो गया है, ऐसे में नए अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के अलग होने के बाद से छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ का अध्यक्ष मुख्यमंत्री को बनाने की एक तरह से परंपरा हो गई है। सबसे पहले प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत जोगी को ओलिंपिक संघ का अध्यक्ष बनाया गया था। प्रदेश में 2003 में सरकार के बदलने के बाद खेल संघों ने एक मत होकर प्रदेश के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को अध्यक्ष बनाया। वे लंबे समय तक अध्यक्ष रहे। इसके बाद 2018 में प्रदेश में एक बार फिर से सत्ता परिवर्तन हुआ, तो डा. रमन सिंह के स्थान पर नए मुख्यमंत्री बने भूपेश बघेल को ओलिंपिक संघ का अध्यक्ष बनाया गया। इस बार खेल संघों ने यह भी तय किया प्रदेश में जो भी मुख्यमंत्री रहेंगे उनको ही ओलिंपिक संघ का अध्यक्ष बनाया जाएगा।



### साय पहले बने तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष

ओलिंपिक संघ का अध्यक्ष होने के लिए यह जरूरी है कि अध्यक्ष बनने वाला किसी प्रदेश संघ का पदाधिकारी हो। ऐसे में सबसे पहले मुख्यमंत्री साय को तीरंदाजी संघ का अध्यक्ष बनाया गया है। उनकी मंशा के मुताबिक ही उनको तीरंदाजी संघ का अध्यक्ष बनाया गया है। हर संघ उनको अपने संघ का अध्यक्ष बनाना चाहता था, लेकिन श्री साय ने अपनी रुचि तीरंदाजी में दिखाई, तो उनको इस संघ का अध्यक्ष बनाया गया है।

### बैठक के लिए ओलिंपिक संघ के आएंगे पर्यवेक्षक

मुख्यमंत्री को ओलिंपिक संघ का अध्यक्ष बनाने के लिए पूरी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इसके लिए भारतीय ओलिंपिक संघ को भी पत्र लिखा गया है। वहां से किसी को पर्यवेक्षक बनाकर भेजा जाएगा। इसी के साथ प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण विभाग को भी इसकी जानकारी दी गई है। खेल विभाग से भी किसी अधिकारी को बैठक में भेजा जाएगा। बैठक में सभी खेल संघ एक मत से मुख्यमंत्री को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखेंगे। उनको निर्विरोध अध्यक्ष चुना जाएगा।

# चार सौ बदमाश थाने तलब दी हिदायत, कार्रवाई भी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

त्योहारी सीजन को देखते हुए बदमाशों पर नकेल कसने पुलिस ने चार सौ से ज्यादा बदमाश तथा चाकूबाजों को थानों में तलब कर उन्हें आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने समझाइश दी गई।

एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर बदमाशों को थानों में तलब किया गया था। इस दौरान पुलिस ने 42 चाकूबाजों तथा 67 बदमाशों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के साथ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक, गणेशोत्सव तथा ईद के अवसर पर बदमाश किसी भी तरह की आपराधिक घटनाओं को अंजाम न दे पाएं, इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में बदमाशों को थाना तलब कर समझाइश दी गई। जो आदतन बदमाश हैं, समझाइश के बाद भी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं। ऐसे बदमाशों को चिन्हांकित कर उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट तथा प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। साथ ही एसएसपी ने अड्डेबाजी करने वाले बदमाशों की पहचान कर उनके खिलाफ भी अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# सोनडोंगरी में बन रहा डॉग शेल्टर, कुत्तों को रखने बनाए जा रहे 50 कैनाल

- मृत कुत्तों को डिस्ट्राय करने लगेगी क्रीमेटरियम मशीन
- आपरेशन थिएटर, डॉक्टर चैंबर, वेटिंग हॉल भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर से लगे सोनडोंगरी गांव में प्रदेश का पहला डॉग शेल्टर बनाया जा रहा है। इसमें प्रथम चरण में 50 कुत्तों को रखने की व्यवस्था रहेगी। इसके लिए 50 कैनाल बनाये जा रहे हैं। डॉग सर्जरी के लिए अलग से आपरेशन थियेटर और डॉक्टरों के लिए डॉक्टर चैंबर का निर्माण किया जा रहा है।

इससे आने वाले दिनों में शहर के अलग-अलग इलाकों के स्ट्रीट डॉग की सर्जरी, बीमार व कमजोर कुत्तों की देखभाल की जा सकेगी। जोन 8 के अधिकारियों को डॉग शेल्टर का निर्माण 1 माह के भीतर पूरा कराने की मियाद निगम आयुक्त अबिनाश ने दी है। पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड के सोनडोंगरी क्षेत्र में कुत्तों की देखभाल करने और उनकी सर्जरी के लिए डॉग शेल्टर बनाया जा रहा है। इसमें बीमार कुत्तों का इलाज होगा। शेल्टर में वेटनरी डॉक्टरों के लिए अलग से डॉक्टर्स चैंबर, श्वानों के लिए वेटिंग हाल, आपरेशन थियेटर और उपकरण रखने कक्ष का निर्माण कराया जा रहा है।



### मृत कुत्तों को डिस्ट्राय करने लगेगी क्रीमेटरियम मशीन

मेट्रो सिटी की तर्ज पर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पहली बार नगर निगम की ओर से मृत श्वानों के संस्कार के लिए क्रीमेटोरियम मशीन लगवाने की प्रक्रिया चल रही है। अनुबंधित एजेंसी को शर्त के मुताबिक 3 साल तक इस मशीन का आपरेशन व मेंटनेंस कार्य करना होगा। इस मशीन के लगने से रायपुर नगर निगम क्षेत्र में रोड एक्सीडेंट में मृत कुत्तों को मशीन के जरिये डिस्ट्राय करने की व्यवस्था रहेगी। इस प्रोजेक्ट के लिए केन्द्र सरकार से नगर निगम को 1 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है। सोनडोंगरी में बन रहे डॉग शेल्टर के एक हिस्से में आधुनिक तरीके से निर्मित क्रीमेटोरियम मशीन लगवाई जायेगी। इसके लिए अलग से शेड बनाया जायेगा। सूत्रों के मुताबिक पूर्व में रोड एक्सीडेंट अथवा बीमारी के दौरान मृत मवेशियों को डिस्ट्राय करने क्रीमेटोरियम मशीन का प्रस्ताव बना था, पर इस पर आपत्ति के कारण मृत श्वानों का डिस्ट्राय करने मशीन लगवाने की तैयारी है।

# इंटेकवेल के पंप में फंस रहा प्लास्टिक, प्लांट में कम पानी पहुंचने से नहीं भर रही टंकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खारुन के बेन्द्री घाट स्थित इंटेकवेल के पास गर्मी में पानी कम होने से टंकियों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंचता। अब बरसात में नदी लबालब होने से इंटेकवेल में लगे मोटर पम्प तक पानी के साथ प्लास्टिक की बोतल व पॉलीथिन पहुंचने से समस्या उत्पन्न होने लगी है। बिरगांव निगम में जल प्रदाय विभाग के मुख्य अभियंता डीएल देवांगन ने बुधवार को आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय के निर्देश पर सुबह प्लांट का जायजा लिया। इसमें पाया गया कि खारुन नदी मे बने बेंद्री इंटेकवेल का जल स्तर काफी बढ़ गया है। इस कारण मोटर पम्पों मे झिल्लियां फंस रही हैं। इससे इंटेकवेल से कम मात्रा में पानी 15 आपूर्ति टंकियों को मिल रहा है। इस वजह से क्षेत्र में पानी सप्लाई करने मे परेशानी होने लगी है। इस मामले में महापौर नंदलाल देवांगन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बेंद्री नदी में बने इंटेकवेल की निगरानी की जाए। प्रयास करें कि निकाय क्षेत्र में पानी सप्लाई में किसी प्रकार की दिक्कत ना होने पाए।



इसके लिए जल प्रदाय विभाग के अध्यक्ष इकराम अहमद ने अब निगम के टैंकरों से जिन वार्डों में दिक्कत आ रही है, वहां टैंकर से आपूर्ति देने के लिए निर्देश दिया है।

### धोबी समाज के जिला महासचिव बने गौतम



**रायपुर।** सुपेला निवासी गौतम निर्मलकर को जिला महासचिव व सुपेला परिक्षेत्र का संगठन प्रभारी बनाया गया है। यह नियुक्ति समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने प्रदेश संगठन मंत्री दुर्ग जिला प्रभारी नकुल निर्मलकर व जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर की अनुशंसा तथा जिला के पदाधिकारी की मांग पर की है।

इन्हें सुपेला परिक्षेत्र का गठन करने का भी अधिकार दिया गया है। उक्त जानकारी जिला युवा अध्यक्ष पवन निर्मलकर ने दी।

# बिजली सप्लाई सिस्टम में साइबर अटैक के खतरे से निपटने के बताए उपाय

- क्रिटिकल इंफर्मेशन इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर रही है पॉवर कंपनी
- साइबर कानूनों का गजट नोटिफिकेशन किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के मुख्यालय में ग्रिड आपरेशन पश्चिम क्षेत्रीय साइबर सेक्यूरिटी को-आर्डिनेशन फोरम की कार्यशाला में साइबर हमले से ग्रिड प्रणाली को बचाने के उपायों पर चर्चा की गई। इसमें विभिन्न राज्यों के लोड डिस्पैच सेंटर के अधिकारियों ने साइबर अटैक को रोकने के लिए अपने यहां किए जा रहे उपायों की जानकारी दी। छत्तीसगढ़ में इस तरह के खतरे से निपटने के लिए क्रिटिकल इंफ्रमेशन इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम डेवल किया जा रहा है, जिसके तहत साइबर कानूनों का गजट नोटिफिकेशन किया गया है तथा स्काडा सिस्टम, सर्वर और बैकअप लोड डिस्पैच सेंटर तैयार किया गया है।

कार्यशाला का शुभारंभ ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक आरके शुक्ला ने किया। उन्होंने साइबर सिक्युरिटी के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला एवं साइबर सेक्युरिटी से उत्पन्न होने वाले विभिन्न प्रकार की चुनौतियों के प्रति अपनी चिन्ता जाहिर की और इन चुनौतियों से निपटने के लिए तीन प्रमुख बिन्दुओं परस्पर सहयोग, नवाचार एवं पुर्नप्राप्ति क्षमता पर विशेष जोर दिया। केन्द्र के कार्यपालक निदेशक एवं मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी कोमल सिंह मनोठिया ने कहा, आज पूरे विश्व में नई तकनीक से वन नेशन, वन ग्रिड से बिजली सप्लाई की जा रही है, ऐसे में पूरा सिस्टम कंप्यूटराइज्ड और आनलाइन रहता है। इसमें विदेशी हैकर साइबर हमला कर देते हैं, जिससे बचने के लिए सुरक्षा और सर्तकता आवश्यक है। यूक्रेन में इस तरह से विद्युत सप्लाई बाधित कर दी गई थी। हमारे यहां साइबर हमले से ग्रिड सुरक्षित रहे, इसके लिए विशेष सावधानी बरती जा रही है। इसके तहत क्रिटिकल इंफरमेशन इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम तैयार किया गया है। इसके तहत हर साल आईटी और आपरेशन टेक्नालाजी की साइबर आडिट कराने का प्रावधान किया गया है, ताकि हमें समय से पूर्व पता लग सके कि कहां से साइबर अटैक हो सकता है और उसे रोका कैसे जा सकता है।

### तीनों पावर कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया

पश्चिम क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्र मुम्बई के कार्यपालक निदेशक और फोरम के अध्यक्ष वी बालाजी एवं ग्रिड इंडिया नई दिल्ली के मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी एस बनर्जी ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यशाला में एनसीआईआईपीसी मुम्बई के निदेशक ललित कुमार मीणा भी वर्चुवली जुड़े रहे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ के अतिरिक्त पश्चिम क्षेत्र के विभिन्न घटक राज्यों महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गोवा, दमन एवं दीव इत्यादि के प्रतिनिधियों सहित छत्तीसगढ़ के तीनों पावर कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने प्रमुखता से भाग लिया।

## पेज 11 के शेष...

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र...

साथ राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

**संस्था प्रभारी डॉ यादव ने स्टाफ को दिया श्रेय-** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरहा को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र मिलने पर संस्था प्रभारी डॉक्टर डोमन लाल यादव ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि जिसके मन में हो सच्ची साहस, अंत में जीत उसी की होती है। यह सब डॉ शरद कोहाडे खंड चिकित्सा अधिकारी, पंकज कुमार आडील बीपीएम अस्पताल में कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारीयों डॉ शैलेश कुमार साहू मेडिकल ऑफिसर,चंपा गायकवाड़ लैब टेक्नीशियन दीप्ति पत्रे स्टाफ नर्स, दीपिका सिंहा एएनएम, लता साहू एएनएम, चंदन सप्रे स्टाफ नर्स, प्रतिमा फार्मासिस्ट, दीपक कुमार साहू नेत्र सहायक अधिकारी, हरे राम चंद्राकर जे एस ए, रेणुका साहू, जागृति पटेल,हेमराज निषाद सीएचओ, होमेश साहू, लोचन कुमार सोनी हेमलाल साहू, नारायण रजक, रुक्मणी वर्मा, ताराबाई सेंद्रे, अंजली सप्रे, पूर्णिमा साहू, शंकर सप्रे, विजया चंद्राकर, पदमाराज निर्मलकर अपने कार्य के प्रति लगन का परिणाम है अपने कार्य के प्रति पूरी निष्ठा के कारण ही यह उपलब्धि प्राप्त हुई है।

### छात्रावास अधीक्षक...

बारगांव, बेरला, शासकीय उ.मा. विद्यालय, सरदा तहसील-बेरला, शासकीय उ. मा. विद्यालय सोंढ़, विकासखण्ड बेरला, पं. देवी प्रसाद चौवे उ.मा. विद्यालय मोहभट्ठा, बेरला, रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि एवं विज्ञान केन्द्र महाविद्यालय, ढोलिया बेमेतरा, पं. भगवती प्रसाद मिश्रा शास.उ.मा. विद्यालय, अंधियारखोर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वहीं, शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय, नवागढ़, शासकीय बालक उ. मा. विद्यालय, नवागढ़, शासकीय बालिका उ. मा. विद्यालय, नवागढ़, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रजी माध्यम स्कूल, नवागढ़ , न्यू गुरुकुल अंग्रजी माध्यम विद्यालय, नवागढ़, गुरूकुल उ.मा. विद्यालय, नयागढ़, ललित उ.गा. विद्यालय, नवागढ़, शास.उ.मा. विद्यालय, झाल ब्लॉक नवागढ़, स्वामी आत्गानंद उत्कृष्ट अं. माध्यम स्कूल, देवरवीजा ब्लॉक बेरला, शास. उ.मा. विद्यालय, बैजलपुर, तहसील बेमेतरा, शास. उ.मा. विद्यालय, तिलईकुड़ा, तहसील बेमेतरा, शास. उ.मा. विद्यालय, बीजा ब्लॉक साजा, शास. पं. देवी प्रसाद चौबे महाविद्यालय, साजा, शास. कन्या उ.मा. विद्यालय, साजा, शास. मॉडल बालक उ.मा. विद्यालय, साजा, जीनियस पब्लिक स्कूल, साजा, कुमारी देवी चौबे महाविद्यालय कृषि एवं विज्ञान केन्द्र, साजा, डायमण्ड पब्लिक स्कूल, साजा, शास. बालक उ.मा. विद्यालय देवकर, स्वामी आत्मानंद शास, अंग्रेजी माध्यम स्कूल, देवकर, सीएसए शास. उ. मा. विद्यालय नवागांवकला पोस्ट टिपनी, ब्लॉक साजा, शास. उ.मा. विद्यालय, खाती तहसील थानखम्हरिया, मिनीमाता शास. उ.मा. विद्यालय, कारेसरा, तहसील थानखम्हरिया, शास. कन्या उ.मा. विद्यालय, थानखम्हरिया, सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा. विद्यालय, थानखम्हरिया, स्व. ठाकुर महाराज सिंग शास. महाविद्यालय, थानखम्हरिया, ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल, गातापार, तहसील थानखम्हरिया, शास. बालक उ.मा. विद्यालय, थानखम्हरिया, डी.ए.वी. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, जांता (ओड़िया), शास. उ.मा. विद्यालय, ओड़िया ब्लॉक साजा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, दाढ़ी, शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय, दाढ़ी, शासकीय उ.मा. विद्यालय, खण्डसरा और शासकीय उ.मा. विद्यालय, सेमरिया को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

### गैर शिक्षकीय कार्यों...

शिक्षकों की कमी से जूझते हुए शालाओं में शिक्षकों को सर्वे के नाम पर इतनी जिम्मेदारी होने के बाद भी शाला और बच्चों से दूर रखकर गांव में हर घर जाकर सर्वे करने का आदेश जारी किया गया है, जिससे इस साल गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपने वाले में शिक्षक मोर्चा के अजय यादव ब्लॉक संयोजक, पवन साहू ब्लॉक सयोंजक,सुनील राजपूत ब्लॉक सयोंजक,अशोक कुमार जिला सयोंजक,बसन्त कौशिक प्रांतीय उपसंयोजक, किशन ठाकुर, टीपू ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर ,एन कुमार ठाकुर, घनश्याम साहू अरुण पटेल,देवचरण साहू,दुर्गेश श्रीवास, धनेश रजक धर्मेंद्र गायकवाड ,गजानंद वैष्णव,दिनेश निषाद शामिल थे।

**जिस स्कूल में केवल एक शिक्षक, उनकी भी ड्यूटी-** शिक्षकों ने कहा कि आश्चर्य तो इस बात का भी है कि ऐसे शिक्षकों का नाम भी सर्वे ड्यूटी में है, जो एक शिक्षकीय शाला है। अर्थात इस शाला में केवल एक ही शिक्षक है। ऐसी स्थिति में शाला बन्द करके उस शिक्षक को सर्वे कार्य करना पड़ेगा। लेकिन, उससे जिम्मेदार अधिकारियों को कोई सरोकार नही है। भले ही शाला बन्द हो जाय लेकिन सर्वे कार्य होना चाहिए, अजीब स्थिति है। कुछ शालाओं में शिक्षक स्वयं बीएलओ हैं उनकी दो बार ड्यूटी लगा दी गई।

**एसडीएम ने दिया आदेश वापस लेने का आश्वासन-** समस्त विभागों के कार्य में शिक्षक सहयोग करते आये हैं और करते रहेंगे तो सोचिए हमारे विद्यार्थियों की गुणवत्ता किस प्रकार आएगी। बच्चों के भविष्य और उनकी पढ़ाई को देखते हुए इस संबंध में साजा विकासखंड के चार प्रमुख संगठन शिक्षक मोर्चा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी साजा को ज्ञापन सौंपते हुए ओबीसी सर्वे में शिक्षकों की लगाई गई ड्यूटी को निरस्त करने की मांग की गई। जिस पर एसडीएम ने मौखिक रूप से आदेश वापस लेने की बात कही, जिसका संगठन ने स्वागत किया। साथ ही शाला स्तर पर सर्वे कर रहे हैं कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग करने की सहमति दी।

## खबर संक्षेप

### आयुर्वेद वरदान है इसे सभी अपनाएं: अशोक



**पाटन।** ग्राम भनसूली (के) में निःशुल्क वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह निःशुल्क वृद्धजन शिविर आयुष विभाग के निर्देशानुसार शासकीय औषधालय द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष जिप दुर्ग, दिनेश साहू सभापति जपं, तुलसी डहरिया सरपंच, कमलेश साहू उपसरपंच, गोमती साहू पूर्व सरपंच, डॉ. हेमंत साहू ने धनवंतरी भगवान की पूजा अर्चना कर शिविर का शुभारंभ किए। इस शिविर में 127 मरीजों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया और इस शिविर का लाभ उठाया। शिविरों में पहुंचे लोगों को वृद्धजनों के स्वास्थ्य देखभाल के लिए आहार-विहार, दिनचर्या, योगाभ्यास तथा वृद्धावस्था जन्य बीमारियों जैसे-आमवात, संधिवात मधुमेह, उच्च रक्तचाप, शुगर, हिमोग्लोबिन, बीपी तथा सामान्य स्वास्थ्य की जांच किया गया व जांच कर औषधि का वितरण किया गया।इस शिविर मे पहुंचे जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि आयुर्वेद वरदान हैं। इसको हम सभी को अपनाना चाहिए। जिसका किसी प्रकार का दुषप्रभाव नहीं हैं।

### इंजीनियर्स भवन में इंजीनियर्स डे कल

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग से इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), भिलाई लोकल सेंटर द्वारा इंजीनियर्स डे का आयोजन 15 सितंबर को इंजीनियर्स भवन, सिविक सेंटर में शाम 6.30 बजे किया जाएगा। इस वर्ष इंजीनियर्स दिवस की थीम नवीनतम एआई संचालित प्रौद्योगिकियों को अपनाते हुए इंजीनियरिंग समाधानों के साथ सेस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देना है। बीएसपी के कार्यपालक निदेशक बीके गिरी मुख्य अतिथि होंगे। विशिष्ट अतिथि के मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री तथा आईआईटी, भिलाई के एसोसिएट प्रोफेसर डां. सौराद्यूति पॉल मुख्य वक्ता होंगे।

### 1994 से एक अदद नौकरी की जोह रहे बाट, गरीबी से जूझ रहे बदनसीब

# अपनी जान जोखिम में डालकर कई जिंदगी बचाने वाले गोताखोरों का जीवन अंधेरे में

विमल शंकर झा ▸▸| भिलाई

**शिवनाथ दुर्ग के अलावा बाहर भी रेस्क्यू के लिए प्रशासन लेता है मदद, कठिन है गोताखोरी**





गहरी और उफनती शिवनाथ नदी में वर्षों से जांबाज गोताखोर अपनी जान दांव पर लगाकर न जाने कितने लोगों का जीवन बचाते हैं। लेकिन खुद उनके जीवन में भंवर की तरह अंधेरा है। बेकारी और मुफलिसी में जीवन बिता रहे, दुर्ग के गोताखोरों की परवाह न प्रशासन को है और न ही शासन को ही इनकी चिंता है। गोताखोर सालों से एक अदद नौकरी का इंतजार कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि दुर्ग जिला की जीवनरेखा माने जाने वाली शिवनाथ नदी शहर के मछुआरों के लिए भी परिवार का सहारा बनी हुई है। इनका मुख्य पेशा नदी में मछली पकड़कर परिवार का गुजर बसर करना है। अपने इस पुश्तैनी धंधे में इन्हें गोताखोरी का एडवेंचरस हुनर भी विरासत में ही मिली है। चाहे बारिश की उफनती लहरें हो या फिर शांत गहरी भंवर, अपने जीवन की परवाह किए बिना यह गोताखोर सालों से अपने इस जानलेवा हुनर से नदी में बहने वाले या लापता लोगों की जान बचा रहे हैं। दुर्ग में ऐसे 22 गोताखोर हैं। इनमें शेखर ढीमर,कैलाश, अमन, शंभू, चंदन अधिकतर समय नदी के पानी में बिताने से जलजनित बीमारियों और गरीबी के कारण दुश्वारी का जीवन बिता रहे हैं। गोताखोर शेखर बताते हैं कि हमारे जोखिमदायक जीवन, गरीबी व लोगों का जीवन बचाने में योगदान की कीमत लोग बस चंद रुपए व कोरी शाबाशी से लगाते हैं। किसी भी सरकार ने उन्हें एक अदद नौकरी के काबिल नही समझा । जान बचाने का शासन कोई बड़ी राशि नहीं मिलती। बकौल श्याम परिवार चलाने सभी 22 गोताखोरों को नौकरी मिलने से परिवार का भरण पोषण व इलाज भी करवा सकेंगे। मछली बेचकर या गाहे बगाहे जान बचाने के पैसों से आसमान छूती महंगाई में परिवार का दाना पानी व बच्चों की पढ़ाई लिखाई केसे होगी। गोतखोरों को शासन व जन प्रतिनिधियों की उपेक्षा के इस बात का दर्द है कि दुर्ग शिवनाथ सहित पूरे प्रदेश में गहरी भंवर,चट्टानों की खोह व बाढ़ में अपनी जान जोखिम में डालकर बहते लोगों को जान बचाने के काम का अब तक मूल्यांकन नहीं हो पाया है। शवों व वाहन आदि को खोजना बेहद मुश्किल होता है।

#### बाढ़ में घिरे घर से कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला

वर्षों से शिवनाथ, खारुन, आमनेर आदि नदियों में शासन द्वारा लोगों की जान बचाने के साथ इस साल वर्षा के मौसम और दो दिन पूर्व आई शिवनाथ की भंयकर बाढ़ में भी सभी गोताखोरों को एलर्ट पर रखा गया था। गोताखोरों ने 2 दिन पूर्व 12 सितंबर को दुर्ग रिलायंस पेट्रोल पंप पास बाढ़ से घिरे घर से 11 लोगों को सुरक्षित बचाए। शेखर, शंभू,अमन, कैलाश, बलदू, चंदन बताते हैं कि उन्होंने तीन दिन पूर्व भी मुर्रा गांव धरसीवा में खारुन नदी की बाढ़ में बहे एक युवक की जीवन बचाने तीन घंटे जानलेवा मशक्कत की। दुर्भाग्य से हमें उसका शव ही हाथ लगा। पिछले साल दुर्ग में डूबी कारवाले ने 51 हजार रुपए ईनाम दूंगा बोला पर 1 भी पैसा नहीं दिया।

#### एनीकट की टूटी रेलिंग से बढ़ा खतरा


दो दिन पूर्व शिवनाथ की बाढ़ से भारी तबाही के बीच दुर्ग एनीकट तट की रेलिंग भी टूट गई है। तट पर नदी का विहंगम नजारा देखने वालों की सुरक्षा के लिए लगी लोहे की रेलिंग के जगह जगह से टूटने से एनीकट के ऊपर बह रही नदी में लोगों के गिरने से हादसे का अंदेशा बना हुआ है। बाढ़ देखने बड़ी तादाद में लोग आ रहे हैं और किनारे सेल्फी भी ले रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से नगर निगम को बिना देर किए रेलिंग मेंटेनेंस करवाने की जरुरत है। इधर नदी की बाढ़ में बांधों, नालों व खेतों से बड़ी तादाद में कई प्रजातियों की बहकर आई मछली मछुआरों के लिए दो जून रोटी का सहारा बनी हुई हैं। शुक्रवार को उनके जाल में ऐसी ही एक 12 किलो की बड़ी मछली देख उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था। वे उत्साह से इसे बेचने इंदिरा मार्केट ले गए, जहां मछली देखने लोगों की भीड़ लगी रही।


## रेवे में सीसी रोड निर्माण के लिए जपं अध्यक्ष चंदेल ने किया भूमिपूजन



**बेरला।** जनपद पंचायत बेरला के निकटवर्तीय ग्राम पंचायत रेवे में मंगलोर पारा में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बेरला अध्यक्ष प्रीतम सिंह चंदेल ने जनपद विकास निधि से होने वाले ग्राम पंचायत रेवे में सीसी रोड कार्य के निर्माण का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर श्री चंदेल ने बताया कि ग्रामीण पिछले कई सालों से कीचड़ से परेशान थे, जिन्हें देखते हुए जनपद विकास निधि से सीसी रोड बनने जा रहे हैं। इससे लोगों की परेशानी दूर हो जाएगी। अब किसी को सड़क को लेकर कोई समस्या नहीं होगी। गांवों में मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के लिए मैं हर संभव प्रयास करने और जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। वहीं, ग्रामवासियों ने जनपद अध्यक्ष प्रीतम सिंह चंदेल का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी की झलक देखने को मिला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बेरला अध्यक्ष प्रीतम सिंह चन्देल, ग्राम पंचायत रेवे सरपंच धनेश्वरी कौशल, सरपंच पति दिनेश कौशल, पंचगण, ग्रामीण गणेश सिंह चंदेल, लीला राम साहू, राजेश निषाद, गोपी, नीलमणि निर्मलकर, राजा सिन्हा सहित वरिष्ठ समाजिक गणमान्य उपस्थित रहे।

## सामाजिक सरोकार की कविताओं से विद्यार्थियों के दिल को छुआ





हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में खालसा एजूकेशन सौसायटी और पंजाबी साहित्य सभा द्वारा शुक्रवार को खालसा कालेज दुर्ग के सभागार में वरिष्ठ कवि नीरज मंजीत के काव्य पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नीरज मंजीत और विशेष अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार रवि श्रीवास्तव, कथाकार परदेशीराम वर्मा, साहित्यकार संतोष झांजी, सरला शर्मा व मीना शर्मा थीं। इस अवसर पर कालेज के विद्यार्थी और साहित्यकार उपस्थित थे। कवि नीरज मंजीत ने अपनी प्रतिनिधि कविताओं का पाठ किया। शुरुआत पंजाबी कविता से की। फिर युद्ध के विरुद्ध, कृष्णा, उड़ान, बटुआ व ग्लेशियर आदि शीर्षांकित कविताएं सुनाईं। सामाजिक सरोकार और मानवीय जीवन तथा गहरी संवेदना से जुड़ी उनकी कविताओं को साहित्यकारों व विद्यार्थी वर्ग ने सराहा। कवि मंजीत ने अपने उदबोधन में कहा कि अपनी बिरादरी और विद्यार्थियों के बीच कविता सुनाने का अनुभव यादगार रहा। अच्छे श्रोताओं के बीच कविता पढ़ने का एक अलग आनंद होता है। इस अवसर पर कवयित्री संतोष झांजी ने भी गजल सुनाई । पूर्व में वरिष्ठकवि रवि श्रीवास्तव ने अतिथि कवि नीरज मंजीत का परिचय दिया। मीना शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ साहित्यकार और खालसा एजूकेशन कमेटी के महासचिव गुलवीर सिंह भाटिया और प्राचार्य डां. सुनीता बोकड़े ने स्वागत उदबोधन दिया।

## सेक्टर 4 के क्वार्टरों में फिर गंदे पानी की आपूर्ति, बीमारी की चिंता बढ़ी

**भिलाई ।** लगातार बारिश से टाउनशिप के कुछ क्षेत्रों में लोगों को फिर से गंदे पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सेक्टर 4 और मड़ोदा सेक्टर के क्वार्टरों के नलों में मटमैला पानी की आपूर्ति होने की शिकायत मिली है । इससे रहवासियों को बीमारियों की चिंता सता रही है। तीन दिनों की बरसात के चलते सेक्टर 4 के क्वार्टरों में गंदे की आपूर्ति होने से लोग परेशान हैं। सड़क,11,12,13 और सड़क 14 तथा सड़क 15 के आवासों के नलों में मटमैला पानी नलों में आ रहा है। रहवासियों ने बताया कि सुबह नल खुलते ही मटमैला पानी आ रहा है। इसके पहले भी गंदा पानी आ रहा था, बीच में साफ पानी आने लगा था। लेकिन लगातार बारिश से फिर से नलों में गंदे पानी की आपूर्ति होने लगी है। इससे डेंगू व पीलिया जैसे बीमारियों की चिंता सता रही है। पीलिया से पीड़ित तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती भी कराया गया है।

## खुर्सीपार में कब्जाधारियों पर कसा शिकंजा

**भिलाई।** खुर्सीपार में अब बेजा कब्जाधारियों की खैर नहीं है। बीएसपी की जमीन पर लंबे समय से अतिक्रमण करने वालो के खिलाफ बीएसपी प्रबंधन ने शिकंजा कसना तेज कर दिया है। नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन विभाग द्वारा करीबन सौ लोगों को नोटिस जारी किया गया है। नगर सेवाएं विभाग द्वारा पिछले छह महीने से बीएसपी टाउनशिप सहित बीएसपी क्षेत्र के कब्जाधारियों के खिलाफ बेदखली अभियान चलाया जा रहा है। प्रवर्तन टीम द्वारा टाउनशिप में अवैध क्वार्टरों और जमीन से बेदखली के बाद अब पटरीपार में फिर से अवैध जमीनों को मुक्त करए जाने की तैयारी है। सूत्रों के मुताबिक खुर्सीपार में बीएसपी की जमीन पर कब्जा करने वाले सौ लोगों को अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया गया है। नोटिस में चेताया गया है कि

- बीएसपी ने सौ कब्जाधारियों को जारी किया नोटिस

अतिक्रमित जमीन बीएसपी की संपत्ति है। आपने इस पर अनाधिकृत निर्माण किया है। इस पर बीएसपी द्वारा किसी तरह का उपयोग किए जाने की अनुमति नहीं दी गई है। 7 दिन के अंदर जमीन खाली नहीं किए जाने पर अवैध निर्माण हटा दिया जाएगा।

#### करोड़ों की जमीन पर कब्जा

बीएसपी के प्रवर्तन विभाग द्वारा सौ कब्जाधारियों को नोटिस जारी किया गया है। बताते हैं कि इनमें कुछ व्यवसायी व रसूखदारों से जुड़े लोग भी हैं। अतिक्रमित जमीन जीई रोड मेंखुर्सीपार गेट से पुलिस थाने के आगे और कुछ अन्य स्थानों पर है। अधिकतर प्राइम लोकेशन पर है। इसकी कीमत करोड़ों रुपए बताई जा रही है। कुछ कब्जे सालों पुराने और कुछ विधानसभा और लोकसभा चुनाव के पूर्व किए गए हैं।

## शिक्षक संगठन ने सांसद बघेल को बताई अपनी पीड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग



शिक्षक मोर्चा ने सांसद विजय बघेल को बताया कि, प्रथम सेवा गणना के बगैर संविलियन अधूरा और देय तिथि से केंद्र के बराबर लंबित मंहगाई भत्ता देना है। छग के कर्मचारी-शिक्षक संघर्ष मोर्चा उपरोक्त मांगो को लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती को राजधानी में जुटेंगे। प्रदेश भर के शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय उप संचालक चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि, प्रदेश संचालक वीरेंद्र दुबे, मनीष मिश्रा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश उपसंचालक चंद्रशेखर तिवारी, शत्रुघन साहू, गिरीश साहू, बसंत कौशिक सहित जयंत यादव, ईश्वर चंद्राकर, संजीव मानिकपुरी, कृष्णा वर्मा,किशन देशमुख, सिराज बख्श,तिलक सेन,दीपक साहू, विजय बेलचंदन,अशोक धुर्वे, योगेन्द्र वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी के साथ दुर्ग सांसद और विधानसभा चुनाव में चुनाव घोषणा पत्र के प्रमुख विजय बघेल से मिलकर संविलियन प्राप्त शिक्षकों की समस्याओं को रखा और इनके शीघ्र समाधान कर मोदी की गारंटी को पूर्ण करने का आग्रह किया। सांसद विजय बघेल ने उपरोक्त मांगो को छग शासन तक पहुचाने की बात कही।

## संभागायुक्त राठौर ने संभाला कुलपति का पदभार

**दुर्ग।** संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने 13 सितम्बर 2024 को




हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के नये कुलपति के रूप में पदभार संभाला। इस विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा का कार्यकाल कुलपति के रूप में 12 सितम्बर 2024 को समाप्त होने के पश्चात राजभवन के आदेशानुसार नये कुलपति के रूप में संभाग आयुक्त राठौर को विश्वविद्यालय के कुलपति का दायित्व सौंपा गया है। इस अवसर पर हेमचंद विश्वविद्यालय के कुलसचिव कुलदीप एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। नये कुलपति राठौर के विश्वविद्यालय परिसर पहुंचने पर कुलसचिव कुलदीप ने विश्वविद्यालय परिवार की ओर से पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। कुलपति के पदभार ग्रहण करने के पश्चात संभाग आयुक्त श्री राठौर ने विश्वविद्यालय के कुल सचिव एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ रू-ब-रू चर्चा कर हेमचंद विश्वविद्यालय के गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली।

### स्वच्छता ही सेवा का आगाज

**दुर्ग।** जिला पंचायत द्वारा विभिन्न योजना के समीक्षा बैठक में स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान का शुभारंभ 13 सितम्बर, 2024 किया गया। गतिविधि 17 सितम्बर से गतिविधि से 2 अक्टूबर, 2024 तक चलाया जाना है। "स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता'' थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान-2024 मनाया जाने हेतु कहा, स्वच्छता ही सेवा अभियान-2024 का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना, गांव में गंदे एवं कचरे ढेर जमा स्थानों (ब्लैक स्पॉट) की सफाई, मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन, इसके साथ ही स्वच्छाग्राही, सफाई मित्र के योगदान की सराहना, पिछले वर्षों में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में किये गये कार्यों, उपलब्धियों को एक उत्सव के रूप में मनाया जाना है।

## राजस्व के अभी भी 8472 प्रकरण लंबित स्कूलों की अब तक नहीं की गई जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग



कलेक्टर कार्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने जिलों में राजस्व के लंबित प्रकरणों को लेकर तीखे तेवर दिखाए है। दुर्ग की बात करे तो जिले में प्रभारी मंत्री की बैठक के तीन माह बाद सिर्फ 386 राजस्व प्रकरणों का निपटारा हो पाया है। वही मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत एक भी स्कूलों की जांच नही हो पाई है। हालात यह हैं कि, स्कूलों की अब तक जांच रिपोर्ट ही नही आई है।

उल्लेखनीय हैं कि मुख्यमंत्री कलेक्टर कार्फ्रेंस में मुख्य तौर पर राजस्व मामले का तेजी से निपटारा किए जाने के निर्देश दिए है। लेकिन यहां जिले में राजस्व के प्रकरणों का निपटारा कछुआ गति से चल रहा है। प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने विगत 21 जून 2024 को विभागीय बैठक आयोजित की थी। उस दौरान जिला प्रशासन द्वारा राजस्व के करीब 8872 प्रकरण लंबित होना बताए थे। प्रभारी मंत्री ने भी जिले के राजस्व प्रकरणों को देख तेजी से निराकरण के निर्देश दिए थे। ढाई माह बीतने के बाद जिले के दो दर्जन से अधिक कोर्ट में सिर्फ 386 प्रकरणों का निपटारा किया गया है। हांलाकि राजस्व के पेंडिंग मामले को लेकर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी लगातार समीक्षा बैठक में सक्त निर्देश दे रहे है। इसके बाद भी प्रकरणों के निराकरण में तेजी नही आ रही है।

#### स्कूलों की अब तक जांच नहीं

राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत स्कूलों की मरम्मत मामले जांच के निर्देश दिए है। इसके लिए जिले में सिर्फ जांच टीम गठित की गई है, लेकिन इनके द्वारा अब तक रिपोर्ट जारी नही की गई हैं। जानकारी अनुसार जांच के लिए जिला शिक्षा अधिकारी और सीईओ जिला पंचायत को इसकी जिम्मेदारी दी गई थी। जतन योजना के तहत पूर्व की सरकार द्वारा करोडों रूपए खर्च किए गए थे। लेकिन वर्तमान में स्कूलों की मरम्मत तक पूरी नही हो पाई हैं।

#### दुर्ग तहसील में सबसे ज्यादा प्रकरण पेंडिंग

राजस्व के आंकडे पर गौर करे तो सबसे ज्यादा दुर्ग तहसील में प्रकरण पेडिंग है। यहां 767 प्रकरण पेडिंग है। इसके आलावा धमधा तहसील में 463 और पाटन में 471 प्रकरण पेडिंग है। इसी तरह अहिवारा तहसील में 569, भिलाई तीन तहसील में 285, बोरी में 91 है। इसके आलावा एसडीएम दुर्ग में 965 धमधा 58 पाटन 209 और भिलाई तीन में 274 प्रकरण लंबित हैं। इस तरह कलेक्टर कोर्ट से लेकर नायब तहसीलदार के कोर्ट में 8456 प्रकरण लंबित है।

### अब 31 अक्टूबर तक होगा राशनकार्ड नवीनीकरण

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशनकार्ड नवीनीकरण हेतु समय सीमा में वृद्धि करते हुए अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2024 तय की गई है। जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जिले में प्रचलित राशनकार्डों का नवीनीकरण किया जा रहा है। उक्त अवधि में नवीनीकरण हेतु शेष राशन कार्ड धारक राशनकार्ड का नवीनीकरण अपने संबंधित शासकीय उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर राशनकार्ड नवीनीकरण का आवेदन कर सकते हैं। तिथि 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। अधिक जानकारी के लिए खाद्य विभाग से कार्यालयीन समय में सम्पर्क किया जा सकता है।

Civil Technical Solutions
C-TECH SOLUTIONS
Since:2013
Chhattisgarh
1st Civil Engineering Institute
HAPPY ENGINEERS DAY
An ISO 9001:2015 Certified Institute
Er. Shubhrakant Tamrakar
Founder & Director
Civil Technical Solutions
Mrs. Surbhi Tamrakar
C.E.O. & T.P.O.
Civil Technical Solutions
Civil Technical Solutions
Since:2013
Civil Engineering Firm & Civil Engineering Institute
FIRM : Government & Private Projects Planning, Designing, Consultancy, Valuation, Estimate, Interior, Exterior. D.P.R.
INSTITUTE : Vocational Training, Field Training, Internship, Minor project, Major Project, Carrier Guidance, Training and Placement.
Plot-05, Street 4/A, Ashish Nagar (East), Krishna Talkies Road, Risali, Bhilai
Mob.: 9202225556, 9827188460

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बच्चों में कुपोषण जांचने वजन त्योहार शुरू

**बेमेतरा।** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत बाल विकास परियोजनाओं में 12 सितंबर से राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास चंद्रबेश सिंह सिसोदिया ने बाल विकास परियोजनाओं के आंगनबाड़ी केन्द्रों में राष्ट्रीय पोषण माह 2024 कार्यक्रम का शुभांरभ बाल विकास परियोजना नांदघाट के आंगनबाड़ी केन्द्र ग्राम कुरा (मुरकुटा) से किया। इसमें वजन त्यौहार, सेल्फी जोन, पोषण चौपाल कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन और कुपोषित ग्राम में 0 सें 6 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावक, किशोरी बालिकाएं तथा गर्भवती महिलाओं को चिन्हांकित कर पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। आंगनबाड़ी केन्द्र संबलपुर, मुरता, छेरकापुर एवं पतोरा में क्रियान्वित राष्ट्रीय पोषण माह 2024 का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों के अविभावकों से पोषण स्तर को जानने बच्चों का वजन कराने की अपील की। इसीक्रम में सीपी शर्मा, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी द्वारा साजा परियोजना अंतर्गत ऑगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

### रक्तदान शिविर में 32 यूनिट ब्लड हुआ डोनेट



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ विकासखंड बेरला ने क्रृषि उपज मंडी में शिक्षक सम्मान समारोह पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें 32 यूनिट ब्लड डोनेट हुआ। यह रक्तदान शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव व सिविल सर्जन डॉ. एसआर चुरेंद्र के निर्देश में रखा गया। उक्त कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू, छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ विकासखंड बेरला के अध्यक्ष कुशल साहू एवं सभी सदस्यगण और सम्मानित गण उपस्थित थे। इस रक्तदान शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. चंद्र प्रकाश, विजय कुमार दौरे, संजय तिवारी, विष्णु पटेल, प्रमोद लहरे, कुलेश्वरी साहू, वार्ड बॉय ऋषि जांगड़े आदि के सहयोग से रक्तदान शिविर सफल रहा। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया। जिला अस्पताल बेमेतरा के द्वारा सभी रक्तदाताओं धन्यवाद दिया गया।

### आकर्षित कर रहे काशी के फूल



**बेमेतरा/बेरला।** इन दिनों खेत-खलिहान की मेढ़ व नदियों के किनारे काशी के सफेद फूल बादल स्वरूप बिछी दिखाई दे रही है। संस्कृति में प्रकृति का खासा महत्व है। प्रकृति के प्रत्येक पेड़-पौधे और घास का विशेष महत्व रहा है। इमसें काशी फूल भी सभी को काफी आकर्षित करते हैं। आसमान में छाये सफेद और नीले बादलों के साथ धरती पर चारों तरफ फैले सफेद काशी के फूल वर्षा ऋणु की विदाई और मां दुर्गा के पर्व नवरात्रि के आगमन का अहसास कर रहे हैं। नदियों के किनारे और खेत की मेड़ तथा खाली पड़ी बंजर जमीन पर काशी के सफेद फूल सभी को सहज ही आकर्षित कर रहे हैं। ग्राम मनियारी से रविन्द्र भास्कर चौबे ने बताया कि परंपरा-संस्कृति में काशी फूल का जन्म से लेकर मरण तक के विधि-विधान में विशेष महत्व है। काशी फूल को लेकर कई लोक गीत भी प्रचलित हैं। शारदीय नवरात्र के पहले मां भवानी के स्वागत के लिए काशी फूल धरातल पर हरे चादर में सफेद कालीन की तरह बिछ जाते हैं।

## दिवस : जिला मुख्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर मनाया गया हिन्दी दिवस, वक्ताओं ने कहा-

# हमें अपनी राष्ट्रभाषा हिंदी पर गर्व होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/साजा

प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला खपरी धोबी में हिंदी दिवस मनाया गया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उसके बाद उपस्थित सभी बच्चों को हिंदी भाषा के बारे में सभी शिक्षकों ने हिन्दी भाषा के संबंध में जानकारी दी। संस्था के प्रधान पाठक धनेश रजक ने हिंदी पर अपनी बातें रखीं। उन्होंने कहा कि हमारी पहचान हिंदी है। आजकल जिसे देखो वह हिंदी के शब्द कम और अंग्रेजी के शब्द का उपयोग ज्यादा करता है, जबकि उस शब्द के लिए हिंदी में बहुत अच्छे शब्द हैं। उन्होंने कहा कि जो आम बोलचाल की भाषा में बोले जाते हैं, इसे लोग आसानी से समझ जाते हैं। इसकी एक विशेष वजह यह है कि ज्यादातर बच्चे इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ते हैं। यहां सभी विषय अंग्रेजी में पढ़ाए जाते हैं। इन स्कूलों में पढ़ने वाले शिक्षकों और पढ़ने वाले बच्चे अंग्रेजी में ही बात करते हैं। ऐसे में बच्चे अपनी मातृभाषा हिंदी में से दूर होते जा रहे हैं, यह अच्छी बात नहीं है। बच्चों हर भाषा का अपना महत्व है जहां तक हमारी मातृभाषा हिंदी की बात है, जो राष्ट्रराष्ट्र भाषा भी है यह हमारे देश की एक पहचान है हमें अपनी राष्ट्रभाषा हिंदी का सम्मान अवश्य करना चाहिए। हिंदी बोलने लिखने और पढ़ने में सहज होनी चाहिए। हमें अपनी राजभाषा हिंदी पर गर्व करना चाहिए, बच्चों हमें हिंदी अवश्य पढ़नी चाहिए।

■ शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला खपरी धोबी में हुए विविध कार्यक्रम



### प्रतियोगिताओं में भाग लेने किया प्रेरित

शिक्षक चंद्रशेखर कश्यप ने हिंदी से संबंधित प्रतियोगिताओं जैसे रचनात्मक लेखन जैसे निबंध कहानी कविता और वाद विवाद प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इससे हिंदी में तुम्हारी रुचि बढ़ेगी। तुम्हारी हिंदी अच्छी होगी तुम्हारे दिल में हिंदी के प्रति प्रेम जागेगा। बच्चो ने हिन्दी दिवस पर हाथों में मेहंदी बनाकर हिन्दी दिवस की एक दूसरे को बधाईयाँ दी। हिंदी दिवस पर श्री निर्मलकर, श्रीमती सेन, श्री कश्यप, श्रीमती रावत, श्री श्री तारम सहित सभी शिक्षक-शिक्षिका एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### कविता वाचन में शिवानी प्रथम, डाकवर को मिला दूसरा पुरस्कार

**बेमेतरा।** 14 सितंबर हिंदी दिवस के अवसर पर स्वर्गीय ठाकुर महाराज सिंह शासकीय महाविद्यालय थान खम्हरिया में सहायक प्राध्यापक ओमप्रकाश मरकाम और अतिथि अध्यापक तोरण साहू की उपस्थिति में हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कविताओं का वाचन किया। कविता वाचन में शिवानी शर्मा को प्रथम एवं डाकवर दुबे को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। शिवानी शर्मा ने नारी सम्मान में बहुत ही अच्छी कविता का वाचन किया। साथ ही डाकवर दुबे ने कविता में बताया कि कविता हमारे आराध्य भगवान श्री राम के आदर्शों को दर्शाता है। सभा में मुख्य रूप से प्राध्यापक ओम प्रकाश मरकाम, गेस्ट शिक्षक तोरण साहू समेत साथ विद्यार्थी डाकवर दुबे, शिवानी शर्मा, अजय सेन, श्याम सुंदर वर्मा, टेकन वर्मा, मुकेश कुमार वर्मा, हिमांशी तिवारी, गुंजन सोनी सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## 'अ' अज्ञान से प्रारंभ होकर 'ज्ञ' ज्ञानी पर समाप्त होने वाली है हिंदी की वर्णमाला




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

14 सितंबर हिंदी दिवस के अवसर पर शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा के गाईड की छात्राओं ने समारोह का आयोजन किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हिंदी विषय के व्याख्याता सुनील कुमार झा ने कहा कि आज के ही दिन हिंदी को राजभाषा का दर्जा मिला था। हिंदी के प्रचार प्रसार एवं सम्पूर्ण देश में इसे स्थापित करने के उद्देश्य से वर्ष 1953. से हम हिंदी दिवस को समारोह पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में तीसरे क्रम पर हिंदी भाषा ही है। उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से हिंदी के उत्थान के लिए अधिक से अधिक इसका स्वयं प्रयोग करने और जन-जन को हिंदी के प्रयोग के लिए प्रेरित करने का निवेदन किया। संस्था की प्राचार्य कविता बाजपेई ने कहा कि हिंदी बहुत ही सरल और सहज भाषा है, 'अ'अज्ञान से प्रारंभ होकर 'ज्ञ' ज्ञानी पर समाप्त होने वाली हिंदी की वर्णमाला हमें यह बताती है कि हिंदी भाषा हमे अज्ञानता के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाती है। कार्यक्रम में छात्राओं ने भाषण, कविता प्रस्तुत किया तथा हिंदी दिवस पर आधारित पोस्टर बना कर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन गाइड प्रभारी व्याख्याता अराधना जोसेफ ने किया, इस अवसर पर संस्था की मांडवी साहू,नीता गायकवाड़ सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## हिंदी जानते हुए भी इसे बोलने में हिचकते हैं लोग : गोपेश्वरी




**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला समेसर विकासखण्ड नवागढ़ में 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया गया। विद्यालय की नवाचारी शिक्षिका गोपेश्वरी साहू ने इस अवसर पर कहा कि विश्व भर में लगभग 60 करोड़ लोग इस भाषा का उपयोग अपनी बोल-चाल की भाषा के रूप में करते हैं। हिंदी भाषा के महत्व को देखते हुए हमारे देश में प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रति वर्ष इस दिन पर स्कूल-कॉलेज के साथ ही जगह-जगह पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। नवाचारी शिक्षिका गोपेश्वरी साहू ने कहा कि एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है, बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है जिसे दुनियां भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि यह विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है जो हमारे पारम्परिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु भी है। उन्होंने कहा कि देश में तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के साथ-साथ अंग्रेजी पूरे देश पर हावी होती जा रही है। हिन्दी देश की राजभाषा होने के बावजूद आज हर जगह अंग्रेजी का वर्चस्व कायम है। हिन्दी जानते हुए भी लोग हिन्दी में बोलने, पढ़ने या काम करने में हिचकने लगे हैं। उन्होंने कहा कि इसीलिए हिन्दी भाषा को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में शिक्षक दिलीप जांगड़े और सभी बच्चे उपस्थित थे।

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंघौरी में हिंदी दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम




**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंघौरी में हिंदी दिवस शिक्षक एवं बच्चो द्वारा मिलकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । स्कूली बच्चों ने हिंदी दिवस पर भाषण,गीत ,कविता एवं स्वरचित कहानी का वाचन किया। हिंदी दिवस के बारे शिक्षकों ने बच्चों को विस्तृत जानकारी दी। स्कूल के प्रधान पाठक ने बताया कि हिन्दी दिवस प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को मनाया जाता है। 14 सितम्बर 1949 को ही संविधान सभा ने यह निर्णय लिया था कि हिन्दी केन्द्र सरकार की आधिकारिक भाषा होगी। चूंकि भारत में अधिकतर क्षेत्रों में हिन्दी भाषा बोली जाती थी, इसलिए हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और इसी निर्णय के महत्व को प्रतिपादित करने तथा हिन्दी को प्रत्येक क्षेत्र में प्रसारित करने के लिये वर्ष 1953 से पूरे भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाता है। बस्ता मुक्त दिवस पर सुरक्षित शनिवार के तहत बाल श्रम एवं बाल विवाह पर बच्चों द्वारा बहुत ही शानदार नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही सांस्कृतिक नृत्य भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत भी किए गए। इस अवसर पर संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा सहित सरस्वती साहू, राजेश्वरी ठाकुर, देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चंद्राकर और प्रशांत बघेल उपस्थित रहे ।

## स्काउट गाइड व कब बुलबुल के लिए हिन्दी दिवस पर हुईं विविध प्रतियोगिताएं



**बेमेतरा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव व राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे के मार्गदर्शन में 14 सितंबर को स्काउट गाइड कब बुलबुल द्वारा हिन्दी दिवस मनाया गया। जिसमें अलग अलग विकास खंड के शालाओं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा, सेजस पूर्व व कन्या बेमेतरा, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा, शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्य शाला धनगांव, शासकीय उच्च माध्य शाला गोंडगिरी, शासकीय उच्च माध्य शाला बीजा , शा पूर्व माध्य शाला भैंसा, सेजस राठी द्वारा चित्रकला, पेंटिंग, वाद विवाद, कविता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कब बुलबुल 18 साल से कम उम्र वाले बच्चे, स्काउट गाइड द्वारा बड़े उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। उक्त जानकारी जिला संगठन आयुक्त फनेन्द्र कुमार लोधी ने दी।

## भाजपा सदस्य अभियान में कार्यकर्ता पहुंच रहे घर-घर



**बेमेतरा।** भाजपा का सदस्यता अभियान में जिले में 50 हजार सदस्य बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य से अधिक पार्टी में जोड़ने जिला मुख्यालय में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा कार्यकर्ताओं के साथ डोर टू डोर घर घर पहुंचकर सदस्यता अभियान से लोगों को जोड़ रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच और लक्ष्य को साकार करने के लिए पार्टी में लोग जुड़ रहे हैं। यह अभियान सदस्य बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अलावा श्री सिन्हा ने अभियान के दौरान स्वच्छता को लेकर भी आमजनों को जागरूक करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री का लक्ष्य है कि देश दुनिया के सामने एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करें और इसके लिए हमें अपने देश को स्वच्छ बनाए रखना चाहिए। इस अवसर पर गौरव साहू, तरुण वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी व महिलाएं उपस्थित थीं।

## धार्मिक आयोजनों से बढ़ता है सामाजिक भाईचारा



**बेमेतरा।** विधानसभा के ग्राम बेरलकला में गणेश पक्ष पर भगवान श्रीराम पर आधारित एक भव्य रामायण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। श्री तिवारी ने कार्यक्रम में शामिल लोगों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि समाज की उन्नति में हर व्यक्ति का महत्वपूर्ण योगदान होता है और इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों से सामाजिक भाईचारा, सौहार्द और एकता को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम पर आधारित कार्यक्रम और रामायण जैसे आयोजन होते रहना चाहिए, क्योंकि यह हमारी संस्कृति और आदर्शों को आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ही हमारे आखिरी आदर्श हैं। इस मौके पर सैंकड़ों लोगों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान श्रीराम की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरपंच शारदा निषाद, हीरावन साहू, बुलाकी राम साहू, उदय राम, पुनितराम साहू, भानबती निषाद, दुलारी साहू और रूपराम निषाद का विशेष योगदान रहा।

## कलेक्टर ने की ओबीसी सर्वे कार्य की प्रगति की समीक्षा



**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट के दृष्टि सभाकक्ष में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सर्वे कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए । ज़िले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) को अपने-अपने विकासखंडों में हुए सर्वेक्षणों की जानकारी लेकर एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत सर्वे कार्य पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि बीएलओ, हल्का पटवारी और ग्राम कोटवार को सर्वे कार्य में लगाया जाए और कार्य की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा की जाए। बैठक के दौरान बताया गया कि जिले में 1 लाख 84 हज़ार पिछड़ा वर्ग परिवार हैं, जिनका सर्वे किया जाना है।

कलेक्टर ने अधिकारियों से सर्वेक्षण कार्य में कोई भी लापरवाही न बरतने और समय पर कार्य पूरा करने पर ज़ोर दिया। बैठक में ज़िला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, सभी विकासखंडों के एसडीएम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जनपद सीईओ और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## एकादशी पर जल विहार के लिए निकाली भगवान श्रीकृष्ण की झांकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



थान खम्हरिया नगर के राधा कृष्ण जमात मंदिर से एकादशी पर भगवान श्री कृष्ण का डोला जलविहार के लिए निकाला गया। भगवान श्रीकृष्ण की झांकी नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए तालाब पहुंची, जहां पर भगवान को जलविहार कराकर सामूहिक आरती की गई। महंत बसंत दास वैष्णव ने भेंट वार्ता के दौरान बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी के बाद आने वाली एकादशी को डोल ग्यारस कहते हैं। इस ग्यारस को परिवर्तनीय एकादशी, जल झूलनी एकादशी, वामन एकादशी आदि के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन भगवान करवट लेते हैं। इस व्रत को करने से वाजपेय यज्ञ का फल मिलता है। जो मनुष्य भगवान विष्णु के वामन रूप की पूजा करता है, उसे तीनों लोग पूज्य होते हैं। उन्होंने कहा उपवास द्वारा शरीर को संभालना और ईस्ट पूजा द्वारा मन को नियंत्रण में रखना एकादशी व्रत विधान है और इसे मुख्य रूप से किया जाता है। एकादशी तिथि अथवा ग्यारस का वैसे भी सनातन धर्म में महत्व माना गया है। वर्षा ऋतु में पानी खराब हो जाता है, लेकिन एकादशी पर भगवान का जलाशयों में जल बिहार कराने से उसका पानी निर्मल हो जाता है। इस व्रत को करने से सभी तरफ की कामना पूर्ण होती है तथा रोग और शोक मिट जाते हैं। इस अवसर पर पं. ओमप्रकाश जोशी, रामोतार मिश्रा, रामचंद्र दास वैष्णव, अनिल सिंघानिया, मुन्ना सिंघानिया, मुकेश सिंघानिया, पुरषोत्तम अग्रवाल, सुरेश सिंघानिया, बसंत केडिया, गोपी अग्रवाल, श्यामा सिंघानिया, डॉ.गोविंद शर्मा, अनंत राम साहू, गजराज सिंह उपस्थित थे।

